Title: Requested to put up a photograph of Swamy Dayanand at the Parliament House.

श्री रामचन्द्र वीरप्पा (बीदर) : अध्यक्ष महोदय, आजादी के पचास साल के बाद भी देश में गोवध अभी तक बंद नहीं हुआ है। वह ज्यों का त्यों चल रहा है। स्वामी दयानन्द जी ने भारत की आजादी के समय देश के हर कोने में जादू चलाया था लेकिन आज तक संसद में स्वामी दयानानद का फोटो लगा दिखाई नहीं दे रहा है। मेरी प्रार्थना है कि स्वामी दयानन्द जी का फोटो पार्लियामैंट में लगना चाहिए। उन्होंने आजादी से पूर्व कई क्रांतियां की थीं। उनका आजादी दिलाने में पहला हाथ था। स्वामी दयानन्द जी का जितना उपकार इस देश पर है, मेरे ख्याल में अन्य लोगों का थोड़ा कम होगा। इसलिए स्वामी दयानन्द का फोटो संसद में लगना चाहिए। हमारा अपना देश और राज होने के बाद भी गोवध बंद नहीं हो रहा है। अकबर के काल में गोवध नहीं था। उस समय एक रुपए में 40 सेर दूध ँमिलता था लेकिन आज के युग में 14 रुपए में एक किलो दूध ँमिलता है। गोवध बंद होना चाहिए।

श्री अनंत गुढे (अमरावती) : इस देश से गोवध पूरी तरह से बंद होना चाहिए।â€¦(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please take your seat. You should not disturb the other hon. Member.

श्री रामचन्द्र वीरप्पा : मेरी इस बैंत को इस सभा के लोग मानेंगे। स्वामी दयानन्द जी ने आजादी की जंग में सबसे पहले हिस्सा लिया था लेकिन आज तक किसी ने इनके बारे में कुछ नहीं कहा। आर्य समाजी होते हुए भी किसी ने यह सवाल नहीं उठाया। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि इस सभा में उनका फोटो लगना चाहिए। यहीं कहते हुए मैं अपनी बैंत समाप्त करता हूं।

प्रो. रासा सिंह रावत : इस मामले में पूरा सदन इनके साथ है।